संख्या-6/2015/305/35-3-2015-1(19)/2014

प्रेषक,

नवीन चन्द्र त्रिपाठी,
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

जिलाधिकारी,
सिद्धार्थनगर।

नियोजन अनुभाग-3 लखनऊ: दिनांक: 09 मार्च ,2015

विषय: वर्ष 2014-15 में बार्डर एरिया डेवलपमेंट कार्यक्रम के अन्तर्गत ग्रामीण सड़क निर्माण कार्यो की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति विषयक ।

महोदय,

उपर्युक्त विषय पर मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि जनपद सिद्धार्थनगर में शासनादेश संख्या-877/35-3-2014-1(19)/2014 दिनांक: 11 नवम्बर, 2014 के द्वारा ग्रामीण सड़क निर्माण की परियोजनाओं हेतु रू. 326.14 लाख की लागत सहित प्रशासनिक एवं वित्तीय अनुमोदन प्रदान करते हुये, प्रथम किश्त के रूप मे रू. 219.60 लाख की धनराशि अवमुक्त की गयी थी। एतदद्वारा निम्नलिखित कार्यो की अनुमोदित लागत के सापेक्ष प्रथम किश्त के रूप मे अवमुक्त धनराशि को समायोजित करते हुए अवशेष देय धनराशि रू. 206.47 लाख (रू. दो करोड़ छ लाख सैतालिस हजार मात्र) को निम्न शर्तो के अधीन आपके निवर्तन पर रखे जाने की, श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते है।

(**धनराशि लाख रू.)**

विकास खण्ड का नाम	क्र.स.	परियोजना का नाम	अनुमोदित लागत	प्रथम किश्त के रूप मे अवमुक्त धनराशि	द्वितीय किश्त के रूप मे अवमुक्त की जा रही धनराशि
		कार्यदायी संस्था–ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग			
शोहरतगढ	1.	अठकोनिया नाले पर 25 मी**.** स्पान की आर0सी0सी0 पुलिया निर्माण।	27.80	27.80	-
शोहरतगढ	2.	लुचुइया मार्ग से बैदौली तक शून्य से लेपन स्तर कार्य। (ल0- 1.20 कि.मी.)	75.53	45.32	30.21
बढनी	3.	राखेरईया से इमिलिया वाया सहिनवार तक मिट्टी एरिया पेन्टिंग स्तर कार्य । (ल0- 1.35 कि.मी.)	89.99	53.99	36.00
बर्डपुर	4.	एस.एस.बी. कैम्प नरकुल बाजार से झुलनीपुर तक मिट्टी से लेपन स्तर कार्य । (ल0-1.35 कि.मी.)	44.97	26.98	17.99
बर्डपुर	5.	ढोला-अमानगंज से मिठवल के बीच 16 मी. स्पान **की आर.** सी. सी. पुलिया निर्माण ।	32.00	32.00	-

http://shasanadesh.up.nic.in

		योग- ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग	270.29	186.09	84.20
		कार्यदायी संस्था–लोक निर्माण विभाग			
बढनी	6.	एस0एस0बी0 गनेशपुरकोटिया मार्ग से बार्डर सम्पर्क का निर्माण कार्य । (ल0-1.00 कि.मी.)	55.85	33.51	22.34
		योग- लोक निर्माण विभाग	55.85	33.51	22.34
		योग	326.14	219.60	106.54
		कुल योग (सडक निर्माण)	326.14	219.60	106.54

1- सन्दर्भित शासनादेश दिनांक: 11 नवम्बर, 2014 की शर्ते यथावत लागू रहेगीं ।

2- जिलाधिकारी द्वारा द्वितीय किश्त कार्यदायी संस्था को उपलब्ध कराने के पूर्व अपने स्तर से जिले के सक्षम अधिकारी से ग्रामीण सड़क निर्माण कार्यो हेतु प्रथम किश्त के रूप में अवमुक्त की गई धनराशि के सापेक्ष कराये गये कार्यो की प्रगति एवं उनकी गुणवत्ता का भौतिक सत्यापन अवश्य कराया जायेगा।

3- अवमुक्त धनराशि का पूर्ण उपयोग समयबद्ध ढंग से एवं विलम्बतम दिनांक 31 मार्च, 2015 तक कर लिया जाय। अवमुक्त धनराशि के सापेक्ष व्यय एवं कार्य की भौतिक प्रगति के विवरण प्रत्येक माह की 07 तारीख तक नियोजन विभाग का उपलब्ध कराये जायेंगे तथा वित्तीय वर्ष की समाप्ति के पश्यात तीन माह में अर्थात दिनांक 30 जून, 2015 तक स्वीकृत धनराशि के सापेक्ष हुए व्यय का महालेखाकार द्वारा सत्यापित विवरण विभाग को प्रेषित किया जायेगा।

4- अवमुक्त धनराशि का निर्धारित प्रारूप पर उपयोगिता प्रमाण-पत्र नियोजन विभाग को यथाशीघ्र उपलब्ध करवाया जायेगा।

5- इस शासनादेश से उक्त कार्यो के लिये अनुमोदित लागत के सापेक्ष पूर्ण धनराशि का आवण्टन हो जाता है। कार्य को मानकों के अनुरूप पूर्ण गुणवत्ता के साथ स्वीकृत लागत मे ही पूर्ण किया जायेगा और लागत वृध्दि अनुमन्य नही होगी ।

6- उपर्युक्त मद पर होने वाला व्यय वित्तीय वर्ष 2014-15 के आय-व्ययक में अनुदान संख्या-40 आयोजनागत-4575-अन्य विशेष क्षेत्र कार्यक्रम पर पूंजीगत परिव्यय-06-बॉडर एरिया डेवलपमेन्ट कार्यक्रम-337-सडक निर्माण कार्य-03-सडकों के लिए एकमुश्त व्यवस्था-24-वृहत निर्माण कार्य के नामें डाला जायेगा।

7- यह आदेश वित्त विभाग के कार्यालय ज्ञाप संख्या–बी-1-2457/दस-2014,दिनांक 22 जुलाई, 2014 में प्रतिनिधानित अधिकारों के अर्न्तगत जारी किये जा रहे है।

भवदीय,

(नवीन चन्द्र त्रिपाठी)
विशेष सचिव।

संख्या-6/2015/305(1)/35-3-2015-1(19)/2014

प्रतिलिपि: निम्नलिखित का सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- प्रमुख सचिव, वित्त विभाग, उ0प्र0 शासन ।

2- प्रमुख सचिव, लोक निमार्ण विभाग/ ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग उ0प्र0 शासन ।

http://sinasanadesh.up.nic.in

3- मण्डलायुक्त, बस्ती मण्डल।

4- महालेखाकार, प्रथम(लेखा एवं हकदारी) इलाहाबाद, उ0प्र0 महालेखाकार, लेखा परीक्षा (प्रथम एवं द्वितीय) इलाहाबाद।

5- निदेशक, सांख्यिकीय निदेशालय, जवाहर भवन, लखनऊ ।

6- मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन , लखनऊ ।

7- अपर निदेशक, भूमि उपयोग परिषद को इस आशय से कि शासनादेश को विभागीय बेव साइट पर अपलोड कराने का कष्ट करें।

8- कोषाधिकारी, सिद्धार्थनगर ।

9- वित्त व्यय नियंत्रण अनुभाग-5/लोक निमार्ण विभाग अनुभाग-9/ग्रामीण अभियन्त्रण अनुभाग-1 ।

10- उप निदेशक, (अर्थ एवं संख्या) बस्ती मण्डल।

11- अर्थ एवं संख्याधिकारी, सिद्धार्थनगर ।

12- राज्य योजना आयोग-।

13- गार्ड फाइल ।

आज्ञा से,

(नवीन चन्द्र त्रिपाठी)
विशेष सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in